


# नशे के खिलाफ गायत्री परिवार ने निकाली जागरूकता रैली

**केंद्रीय कारागार के बंदियों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प, शहर में बंटे पेंपलेट**




**उज्जैन। धूम्रपान करने से हार्ट अटैक की संभावना 25 प्रतिशत, कैंसर की 30 प्रतिशत और अस्थमा होने की संभावना 75 प्रतिशत बढ़ जाती है। संपूर्ण विश्व में 125 करोड़ लोग धूम्रपान के आदी हैं। देश में धूम्रपान जनित बीमारियों से मरने वालों की संख्या लाखों में पहुंच चुकी है और अरबों रुपया प्रतिवर्ष नशे की होली में फूंका जा रहा है। यह विचार गायत्री शक्तिपीठ पर अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभाकर सोनोने ने व्यक्त किए।**

**कुरीति उन्मूलन आंदोलन के तहत निकाली रैली:** गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन द्वारा कुरीति उन्मूलन आंदोलन के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शक्तिपीठ पर नशा विरोधी प्रदर्शनी और स्टॉल लगाकर तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। इस दौरान आम नागरिकों को पेंपलेट वितरित कर तंबाकू का उपयोग न करने का संदेश दिया गया और नशे के आदी लोगों से इसे छोड़ने का आग्रह किया गया। जागरूकता के उद्देश्य से गायत्री शक्तिपीठ से बुधवारिया चौराहा, अब्दालपुरा और उर्दू पुरा होते हुए एक नशा विरोधी रैली भी निकाली गई। रैली में गायत्री परिवार के अनेक परिजनों ने हाथों में नशा विरोधी पोस्टर लेकर नागरिकों से तंबाकू से दूर रहने की अपील की।

## भैरवगढ़ जेल में बंदियों ने प्रस्तुत किया नाटक

गायत्री परिवार द्वारा केंद्रीय कारागार भेरूगढ़ में चल रहे 10 दिवसीय आत्म सुधार एवं व्यक्तित्व परिष्कार शिविर के अंतर्गत भी तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बंदी भाइयों ने एक नाटक और नशा विरोधी गीत प्रस्तुत किया तथा तंबाकू छोड़ने का संकल्प लिया। बंदियों के बीच पेंपलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कृष्णा पटेल, विजय सिंह भदौरिया, उत्तम सिंह राजपूत, ओमप्रकाश बरबेले, आशा सेन, श्रीमती परिहार, वीणा साहू, श्रीमती सोनोने, पुरुषोत्तम साहू, गौरव साहू और यशस्वी साहू सहित गायत्री परिवार के अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित रहे और अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मनोहर बेलावत ने किया।

# आंधी–बारिश से बदला मौसम का मिजाज, अनेक पेड़ और पोल धराशायी

**घट्टिया।** दो दिन की उमस भरी तेज गर्मी के बाद सोमवार को दोपहर 2 बजे से धूल भरी तेज आंधी चली। जिससे क्षेत्र में अनेक पेड़ व बिजली के पोल धराशाई हो गए। करीब दो घण्टे तक चली तेज आंधी ने क्षेत्र में भयानक तबाही मचाई अनेक घरों के चद्दर उड़ गए। कई निर्माणाधीन मकानों में भारी नुकसान हुआ, कई दुकानों के चद्दर शेड भी उड़ गए। वहीं मौसम में आए परिवर्तन से किसानो में खेती को लेकर आगाज हो गया। अचानक हुई बारिश से मौसम में ठंडक घुल गई जिससे लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। तेज हवा व बारिश के कारण वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



# 100 निराश्रित बुजुर्गों को युवा मंच सत्संग समिति ने बांटा 10-10 किलो गेहूं



**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति उज्जैन के तत्वावधान में 1 जून को नगर के 100 निराश्रित बुजुर्गों को 10-10 किलो गेहूं का वितरण किया गया। यह आयोजन पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर और जीरो पॉइंट ब्रिज के पास स्थित श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुआ। समाजसेवी अजीत मंगलम ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री हिरदेश्वर महादेव के पूजन और जलाभिषेक से हुई, जिसे पंडित अनुज शर्मा ने संपन्न कराया।

गेहूं वितरण कार्यक्रम में जलगांव के पूर्व सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता एटी नाना पाटिल, वर्तमान विधायक एवं समाजसेवी कैलाश सोनी, विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष अशोक शर्मा और समाजसेवी लच्छू भैया उपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर महाकाल शयन आरती प्रमुख महेंद्र कटियार और उनकी टीम ने भीषण गर्मी को देखते हुए ओआरएस के पैकेट और आई ड्रॉप का भी वितरण किया। मंच के पदाधिकारियों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

**आयोजन में इनकी रही सक्रिय भूमिका:** आयोजन को सफल बनाने में युवा मंच सत्संग समिति के मनोहर परमार, महेश सोनेने, फूलचंद जड़िया, राजेश श्रीवास, विजय तिवारी, पारस कुमार जैन, ओम हरोड़, धर्मेंद्र जैन, किशोर कुमार भाटी व लीलाधर आर्तियां की विशेष भूमिका रही। इसके अलावा महिला मंच सत्संग समिति से गीताबेन रामी, लक्ष्मी लश्करी, भारती गुप्ता, नीता आतिया, प्रेमलता रामी, नीता राठौर, योगिता आर्य, संतोष भारद्वाज, पिंकी यादव व कविता राय, गेहूं दान वितरण समिति से राजेश राणा दादा सिंह, शिवनारायण जागीरदार, वीरेंद्र परमार, महेश गुप्ता, अशोक शर्मा, पंडित संतोष शर्मा व बाबूलाल मारोठिया तथा युवा मानव सेवा समिति से रितेश वर्मा, डॉ. सागर मारोठिया, अनिल पांचाल, अर्जुन माली, लोकेंद्र रामी, अनिल लश्करी, रोशन चौधरी, नरेंद्र डोरिया, अमित दुबे व दिनेश परमार ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम में महेंद्र रामी, भगवान जी पटेल, हेमराज परमार, मूलचंद राठौर, मुकेश भाटी, सतीश पेंटर और महेश राठौर सहित कई वरिष्ठ जन भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में समिति के संस्थापक गोपाल बागरवाल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### दानदाताओं ने दिया विशेष सहयोग

इस पुनीत कार्य में कई दानदाताओं ने गेहूं और नकद राशि का सहयोग प्रदान किया। डॉ. आनंदीलाल कारपेंटर, संतोष रवींद्र भारद्वाज, धनीराम गायकवाड़, राजेंद्र चौहान पलसोरा और नजीराम दादा चिंतामण जवास्या ने एक-एक क्विंटल गेहूं दान किया। वहीं नकद सहयोग के रूप में कैलाश सोनी ने 5100 रुपये, मनोहर परमार ने 5000 रुपये, कृष्णकांत कारपेंटर ने 3000 रुपये, राजन गाड़िया ने 2200 रुपये, कल्पना कतरे ने 1000 रुपये, मुकेश यादव ने 500 रुपये और पूनम बेन पटेल ने 300 रुपये की राशि भेंट की।

**हाटकेश्वर मंदिर से निकली यात्रा में उमड़ी मातृशक्ति, महिलाओं को बांटी गई सुहाग की प्रतीक मेहंदी**

# कलश यात्रा के साथ अष्टविनायक मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**उज्जैन। संयुक्त ब्राह्मण सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में सोमवार को संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। हाटकेश्वर मंदिर से शुरू हुई यह कलश यात्रा बड़नगर बायपास स्थित अष्टविनायक मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।**



लाल साड़ियों में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भगवान श्रीराम के जयघोष और भजनों के साथ नगर का वातावरण धर्ममय कर दिया। कलश यात्रा प्रभारी ललिता तिवारी के मार्गदर्शन में निकली यात्रा के दौरान रोहिणी नक्षत्र के पावन अवसर पर महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में मेहंदी का वितरण भी किया गया।

कलश यात्रा के कथा स्थल पहुंचने के पश्चात संगीतमय श्रीराम कथा शुरू हुई। व्यासपीठ पर विराजमान पं. अजय शंकर तिवारी ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म और संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराई। मुख्य यजमान पं. देवेंद्र शर्मा ने सपत्नीक व्यासपीठ का पूजन किया। इसके साथ ही संस्था संरक्षक हेमंत व्यास, प्रेम मिश्रा और आनंद खींची ने भी व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान वेदपाठी बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया।


### आयोजन में इन संगठनों की रही विशेष सहभागिता

समिति अध्यक्ष रेखा भार्गव के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में कानकुब्ज महिला मंडल, त्रिवेणी हिल्स महिला मंडल, निम्नवास महिला मंडल, करणी सेवा, राहुल दरबार मित्र मंडल, उद्योग संघ घायल इंडस्ट्रीज और बालाजी टाइल्स मित्र मंडल की विशेष उपस्थिति रही। राहुल पंड्या ने बताया कि समिति पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं और मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कथा प्रसंगों में भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

**सेना में सिलेक्ट अग्निवीरों का किया सम्मान**

# ग्रामीण युवाओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं इन्हें उचित अवसर उपलब्ध होना चाहिए : विधायक बोस

**घट्टिया। ग्रामीण युवाओं में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है इनके भीतर असीमित संभावनाएं छिपी हुई है मगर उसको उचित अवसर व सही मार्गदर्शन नहीं मिलने से यह प्रतिभाएं सही ढंग से अभिव्यक्त नहीं हो पा रही है। सरकार की ग़लत नीतियों से बेकारी चरम पर है व युवाओं में हताशा है यह स्थिति बदलना चाहिए।**



उक्त उद्गार विधायक दिनेश जैन बोस ने पंचायत परिसर जगोटी में जगोटी के दो युवा ऋतुराज सिंह सोलंकी व विशाल आंजना के भारतीय सेना में अग्निवीर पद पर चयनित होने पर कांग्रेस के जगोटी मंडलम द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में व्यक्त किए। विशेष अतिथि जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी व यंग सेवादल ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय बोडाना, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव विक्रम सिंह महूडी ने भी संबोधित किया। मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा व अतिथियों ने दोनों युवाओं को पुष्पहारों व शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसान नेता रणछोड़ पटेल, मोहन लाल हेड़ा, रजनीश तिवारी, धनसिंह पटेल, महेश पांचाल, राहुल चौधरी, कमल सूर्यवंशी, डॉ. बजरंग गुरु, मुन्ने खां पठान, आरिफ तंवर, रवि बोडाना, अनोखीलाल शर्मा, सुनील पंवार, मोहनलाल परमार, सुनील पटेल, नारायण सिंह सोलंकी, टीकमसिंह ताजपुर, राजा बाबू पटेल, पिंटू बैरागी, भरत पटेल, गोपाल गुजराती, धीरजसिंह सोलंकी, राजेश चौधरी ने भी चयनित युवाओं के अभिभावकों का सम्मान किया।

# जमीन का फर्जी मालिक बन 2 लोगों ने की 36 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन। जमीन का फर्जी मालिक बनकर एक व्यक्ति ने दलाल के माध्यम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। दोनों ने 1.39 करोड़ में 12 बीघा जमीन का सौदा किया था और अनुबंध के रूप में 35 लाख लिये थे। दोनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।**

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम मानपुरा के रहने वाले रविन्द्रसिंह तवंर द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि उसने कुछ माह पहले अपनी जमीन डेढ़ करोड़ में बेची थी। उसे नई जमीन की तलाश थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात दलाल मंगलसिंह से हुई। उसने घट्टिया तहसील के ग्राम सलामता में जमीन दिखाने के लिये कहा। रविन्द्रसिंह अपने भतीजे के साथ जमीन देखने पहुंचा। जहां मोबाइल पर उक्त जमीन का खसरा नम्बर देखा गया। जो दिलीपसिंह के नाम पर था। जमीन का सौदा तय करने की बात मंगलसिंह से की गई। उसने एक दिन बाद दिलीपसिंह से मुलाकात कराई और सौदा 1 करोड़ 39 लाख में तय हो गया। इस दौरान दिलीपसिंह के खाते में 95 हजार का ट्रांजेक्शन किया गया। 9 मई को रजिस्ट्रार कार्यालय भरतपुरी में अनुबंध कराया गया और 10 लाख रुपये नगद के साथ 25 लाख का चैक दिया गया। जमीन का सौदा होने पर रविन्द्रसिंह के परिवार ने जमीन दिखाने की बात कही। परिवार ग्राम सलामता पहुंचा। जहां गांव वालों से पूछताछ कर दिलीपसिंह के घर पहुंचे। दिलीपसिंह सामने आया तो वह दूसरा व्यक्ति था। उससे जमीन का सौदा करने की बात कही तो उसने जमीन बेचने की बात से इंकार किया। रविन्द्र ने दलाल से संपर्क किया और वह गायब हो गया। अपने साथ फर्जी जमीन मालिक बनकर हुई धोखाधड़ी की शिकायत करने पर फर्जी दिलीपसिंह और दलाल मंगलसिंह के खिलाफ 36 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

**एक नजर** — **देवास में औदुंबर ब्राह्मण वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में आयोजित कथा श्रवण करने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब...**

# श्रीमद् भागवत कथा का पारायण, हवन-यज्ञ के साथ विशाल भंडारा

**देवास। औदुंबर ब्राह्मण वरिष्ठ नागरिक मंच के तत्वावधान में आयोजित देवास में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ रविवार को संपन्न हुई। वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय ने बताया की कथा के समापन पर वैदिक आचार्य पं मनीष पाठक ने विप्रजन सहित प्रातः वैदिक पूजन अभिषेक हवन आदि को संपन्न कराया । श्रद्धालुओं ने पहले हवन में आहुतियां दी फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया । मुख्य यजमान के रूप में श्रीमति सीमा महेंद्र दुबे सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां डाली।**





कथा व्यास आचार्य पं डॉ दीपेश पाठक जी ने कहा कि हवन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। श्रीमद्भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप-पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। आचार्य ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान के लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। व्यासपीठ से भागवताचार्य श्री पाठक जी ने आज सुदामा श्री कृष्ण की मित्रता का सुंदर वर्णन किया ।

भागवत कथा में आज श्रीरामशरणम आश्रम के सुधि प्रवचनकार इंदर सिंह नागर ने व्यासपीठ की पूजा कर आशीर्वाद लिया, कथा समापन अवसर पर आयोजक श्री औदुम्बर वरिष्ठ नागरिक मंच के सभी पदाधिकारियों द्वारा व्यास पीठ पर विराजित भागवताचार्य डॉ.दीपेश पाठक का और वैदिक आचार्य पंडित श्री मनीष पाठक जी का अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में अवसर पर विशाल सामाजिक बंधुओ का जनसमूह सहित मातृ शक्तियां उपस्थित रही शहर के अनेक लोगों ने भव्य आरती कर व्यासपीठ का पूजन किया और भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। संचालन औदुंबर ब्राह्मण वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष कुशल मंच संचालक महेंद्र उपाध्याय के द्वारा किया गया, आभार जयंत शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

### निकाली गई शोभायात्रा

सप्त दिवसीय श्री मद भागवत महापुराण के विराम पश्चात शोभायात्रा मुख्य यजमान महेंद्र दुबे द्वारा भागवत महापुराण को अपने सिर पर रखकर कथा व्यास पं डॉ दीपेश पाठक एवं वैदिक आचार्य पं मनीष पाठक को खुली जीप में बैठाकर महाराष्ट्र समाज परिसर मुक्ति मार्ग से निकली गई।जिसे पुन: प्राचीन शनि मंदिर ले जाई गई मार्ग में वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष महेंद्र उपाध्याय ने परिवार सहित कथा व्यास, वैदिक आचार्य जी का सम्मान कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजा की गई।